भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या 34

उत्तर देने की तारीख 05 दिसंबर, 2023
14 अग्रहायण, 1945 (शक)

आंतरिक शिकायत समिति

34. श्री थोमस चाज़िकाडन :

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि देश के तीस खेल परिसंघों में से सोलह में आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) नहीं है, जबकि 2013 के लैंगिक उत्पीड़न निवारण (पीओएसएच) अधिनियम द्वारा ऐसा अधिदेशित किया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ऐसे परिसंघों के नाम क्या-क्या हैं और ये परिसंघ बिना आईसीसी के कब से कार्य कर रहे हैं;

(ग) क्या जिन खेल संघों में आईसीसी है, उनमें निर्धारित संख्या में सदस्य, अनिवार्य बाहरी सदस्य और स्वतंत्र सदस्य हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (घ) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

****

“आंतरिक शिकायत समिति” के संबंध में श्री थोमस चाज़िकाडन द्वारा दिनांक 05.12.2023 के लिए पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 34 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण ।

(क) से (घ) : महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) (पीओएसएच) अधिनियम, 2013 के प्रावधान राष्ट्रीय खेल परिसंघों (एनएसएफ) और अधिनियम में परिभाषित किसी भी अन्य निकाय पर समान रूप से लागू होते हैं । एनएसएफ उन्हें रिपोर्ट किए गए लैंगिक उत्पीड़न के मामलों में विद्यमान कानूनी प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई करने के लिए बाध्य है ।

मंत्रालय ने जनवरी 2023 में भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) और एनएसएफ को उक्त अधिनियम के संदर्भ में उनकी संरचना और नीतियों की पुन: जांच करने और आवश्यक परिवर्तन/संशोधन करने के लिए लिखा है । मंत्रालय ने आईओए और एनएसएफ से उनके पदाधिकारियों, कोचों, प्रशासनिक कर्मचारियों और खिलाड़ियों को खेलों में महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम के बारे में जागरूक करने के लिए भी कहा है ।

संबंधित राष्ट्रीय खेल परिसंघों में आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) का गठन पहले ही किया जा चुका है जिसका विवरण अनुबंध में दिया गया है ।

******

अनुबंध

"आंतरिक शिकायत समिति" के संबंध में श्री थोमस चाज़िकाडन द्वारा दिनांक 05.12.2023 के लिए पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 34 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

1.	अखिल भारतीय टेनिस संघ
2.	इंडियन पैनचाक सिलाट परिसंघ
3.	योगासन भारत
4.	भारतीय स्क्वैश रैकेट परिसंघ
5.	भारतीय तीरंदाज़ी संघ
6.	भारतीय सेपक टाकरा परिसंघ
7.	भारतीय एमेच्योर साफ्ट टेनिस परिसंघ
8.	भारतीय कूडो अंतरराष्ट्रीय परिसंघ
9.	भारतीय वुशू संघ
10.	भारतीय भारोत्तोलन परिसंघ
11.	भारतीय रोइंग परिसंघ
12.	भारतीय एथलेटिक्स परिसंघ
13.	भारतीय साइक्लिंग परिसंघ
14.	भारतीय एमेच्योर कबड्डी परिसंघ
15.	भारतीय खो खो परिसंघ
16.	भारतीय गोल्फ परिसंघ
17.	भारतीय जिमनास्टिक्स परिसंघ
18.	भारतीय पैरालंपिक समिति
19.	भारतीय घुड़सवारी परिसंघ
20.	भारतीय बॉक्सिंग परिसंघ
21.	हॉकी इंडिया
22.	भारतीय सेरेब्रल पाल्सी खेल परिसंघ
23.	अखिल भारतीय फुटबॉल परिसंघ
24.	अखिल भारतीय स्कूल गेम्स परिसंघ
25.	जू-जित्सु संघ
26.	अखिल भारतीय शतरंज महासंघ
27.	वाको इंडिया किकबॉक्सिंग परिसंघ
28.	भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ
29.	भारतीय शूटिंग बॉल परिसंघ
30.	भारतीय रोलर स्केटिंग परिसंघ

31.	भारतीय तैराकी परिसंघ
32.	भारतीय बास्केटबॉल परिसंघ
33.	भारतीय फेंसिंग संघ
34.	अखिल भारतीय बधिर खेल परिषद
35.	विशेष ओलंपिक भारत
36.	भारतीय ब्रिज परिसघ
37.	भारतीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर परिसंघ
38.	भारतीय नेटबॉल परिसंघ
39.	भारतीय बैडमिंटन संघ
40.	टेनपिन बॉलिंग परिसंघ (भारत)
41.	भारतीय नौकायन संघ
42.	भारतीय कयाकिंग और कैनोइंग एसोसिएशन
43.	भारतीय पोलो संघ
44.	भारतीय ट्रायथलॉन परिसंघ
45.	भारतीय टेबल टेनिस परिसंघ
46.	भारतीय रोल बॉल परिसंघ
47.	भारतीय अत्या-पत्या परिसंघ
48.	भारतीय टेनिस बॉल क्रिकेट परिसंघ
49.	भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ
50.	भारतीय साइकिल पोलो परिसंघ
51.	भारतीय सॉफ्टबॉल परिसंघ
52.	भारतीय ताइक्वांडो परिसंघ
53.	भारतीय कुश्ती परिसंघ*

* वर्तमान में भारतीय कुश्ती परिसंघ के मामलों का प्रबंधन भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा नियुक्त तदर्थ समिति द्वारा किया जा रहा है ।

****